भर्ती हेतु सूचना – वित्त प्रबंधक

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर वित्त प्रबंधककी भर्ती करने का इच्छुक है।

भूमिकाएं और दायित्वः

- वित्तीय संविदाओं की निगरानी करना, वित्तीय विवरणियों का मूल्यांकन करना, और मानक प्रचालन प्रशासनिक प्रक्रियाओं की तैयारी का पर्यवेक्षण करना एवंउनका कार्यान्वयन सुनिश्चित करना।
- एनएचएसआरसी का बजट तैयार करना और वित्त प्रबंधन करना तथा उसके शाखा कार्यालय की ऐसी गतिविधियों की देखरेख करना।
- संगठन का वित्तीय अनुशासन और परिचालन क्षमता सुनिश्चित करना।
- सभी वैधानिक वित्तीय मानदंडों और सरकारी वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना।
- लेखा–परीक्षा टीम के लिए नोडल व्यक्ति और लेखा–परीक्षा कार्यवाही और जवाब में सुविधा
- जब भी आवश्यकता हो डवभ्थ्, स्थानीय अधिकारियों और बैंक के साथ संबंध
- प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, कार्यकारी निदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, ईसी एवं जीबी को समय–समय पर वित्तीय रिपोर्टिंग करना।
- सभी भुगतानों का पर्यवेक्षण करना और संवितरण में सटीकता सुनिश्चित करना।
- टैली पैकेज में खातों की निगरानी/प्रबंधन और टैली से संबंधित समस्याओं का समाधान करना।
- लेखापरीक्षा के लिए सुसंगत अभिलेख उपलब्ध कराना।
- आवश्यकतानुसार, संसद के किसी भी सदन से आरटीआई और/या सवालों के जवाब के लिए इनपुट प्रदान करना।
- प्रतिबद्ध व्यय विवरण और उसके पत्राचार की तैयारी करना।
- वित्त टीम का पर्यवेक्षण करना, उन्हें परामर्श और प्रशिक्षण प्रदान करना।
- जीबी की मंजूरी के बाद अंकेक्षित खातों को कोप्लॉट पर डालने के लिएस्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को प्रस्तुत करना।
- मंत्रालय की आंतरिक लेखापरीक्षा के दौरान आईएएचक्यू टीम के साथ संपर्क और समन्वय करना और ऑडिट पैरा के लिए उचित उत्तर देना।
- आरआरसी एनई और एनएचएसआरसी कार्यालय के साथ समन्वय करना और वार्षिक रूप से आंतरिक लेखा परीक्षा करना।
- प्रधान प्रशासनिक अधिकारी या कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी द्वारा समय–समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्य करना।

क्षमताएं और अनुभवः

- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से वित्त में एमबीए अथवा वाणिज्य में स्नातक उपाधि सहित योग्यताप्राप्त सीए।
- स्वास्थ्य/सामाजिक क्षेत्र में वित्त प्रणालियों के रख–रखाव के क्षेत्र में स्नातकोत्तर योग्यता उपरांत न्यूनतम सात (07) वर्षों का कार्य अनुभव।
- एमएस ऑफिस–वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट इत्यादि में कंप्यूटर प्रवीणता।
- उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- दबाव में एक साथ कई कार्य करने एवं उन्हें संपन्न करने की क्षमता और टीम का नेतृत्व करने वाला होना चाहिए।
- एनआरएचएम/एनएचएम में कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

आयु सीमाः 55 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)।

उपयुक्त अभ्यर्थी के लिए आयु सीमा में ढील दी जा सकती है।

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने का इच्छुक

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 99,000/– रु. से 1,43,000/– रु. के बीच

**योग्यता एवं अनुभव के आधार पर पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 16 .अक्टूबर, 2019 तक recruitments.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। कसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।